रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of printed pages : 7

113

413 (IRQ)

# 2024

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# HOME SCIENCE (THEORY)

समय : 3 घण्टे ]  [ पूर्णांक : 70
Time : 3 Hours ]  [ Max. Marks : 70

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 24 प्रश्न हैं। **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं।

**Directions :** There are in all 24 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No.1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 5 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 1 का प्रत्येक खण्ड **एक** अंक का है। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक **एक** अंक के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 6 से 10 तक **दो** अंक के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक **तीन** अंक के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 21 से 24 तक **चार** अंक के प्रश्न हैं, जिसमें प्रश्न संख्या 24 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है।
Each part of Question No.1 carries **one** mark. Question No. 2 to 5 are of **one** mark each. Question No. 6 to 10 are of **two** marks each. Question No. 11 to 20 are of **three** marks each. Question No. 21 to 24 are of **four** marks each, in which Question No. 24 is Case/Source based question.

1. (क) शिशु को बी0सी0जी0 का टीका कब लगाया जाता है? 1

(i) 0 से 1 माह (ii) 2 माह

(iii) 3 माह (iv) 4 से 6 माह

When the B.C.G. vaccine is administered to the child?

(i) 0 to 1 Month (ii) 2 Months

(iii) 3 Months (iv) 4 to 6 Months

(ख) रोग प्रतिरोधक क्षमता कितने प्रकार की होती है - 1

(i) एक (ii) दो

(iii) तीन (iv) चार

How many types of immunity power are there –

(i) One (ii) Two

(iii) Three (iv) Four

(ग) बच्चों के अस्थायी दाँत होते हैं - 1

(i) 5 (ii) 8

(iii) 12 (iv) 20

Temporary teeth of children are –

(i) 5 (ii) 8

(iii) 12 (iv) 20

(घ) विटामिन 'डी' का स्रोत है - 1

(i) सेब (ii) आँवला

(iii) चावल (iv) सूर्य की किरणें

The source of Vitamin 'D' is –

(i) Apple (ii) Amla

(iii) Rice (iv) Sun rays

(ङ) मैटानिल पीले रंग की मिलावट किस में की जाती है- 1

(i) हल्दी (ii) काली मिर्च

(iii) हींग (iv) सरसों

Adulteration of Metanil Yellow is done in –

(i) Turmeric (ii) Black Pepper

(iii) Asafoetida (iv) Mustard

(च) वास्तविक आय के कितने प्रकार हैं - 1

(i) चार (ii) तीन

(iii) पाँच (iv) दो

How many types of Real Income are there –

(i) Four (ii) Three

(iii) Five (iv) Two

(छ) एफ0पी0ओ0 का सम्बन्ध है - 1

(i) फल उत्पाद से (ii) आभूषणों से

(iii) दवाईयों से (iv) खेल सामग्री से

F.P.O. is related to –

(i) Fruit product (ii) Jewellary

(iii) Medicines (iv) Sports material

(ज) निम्न में से कौन प्राथमिक रंग नहीं है - 1

(i) नीला (ii) लाल (iii) हरा (iv) पीला

Which of the following is not Primary colour –

(i) Blue (ii) Red (iii) Green (iv) Yellow

**निर्देश :** प्रश्न संख्या-1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction :** In next two parts of Question No.-1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।

A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन (A) :** छोटे शिशुओं के वस्त्रों का कपड़ा मुलायम और हल्का होना चाहिए।

**कारण (R) :** छोटे शिशुओं की त्वचा अधिक कोमल होती है। 1

**Assertion (A):** The fabric of small babies' clothes should be soft and light.

**Reason (R) :** Small babies' skin is more delicate.

(ञ) **अभिकथन (A) :** कपड़ों में सुंदरता तथा चमक लाने के लिये इन्हें इस्तरी करना चाहिए।

**कारण (R) :** विभिन्न तन्तुओं पर इस्तरी करने का तापमान अलग-अलग होता है। 1

**Assertion (A):** To bring beauty and shine to clothes, they should be ironed.

**Reason (R) :** The temperature of the ironing is different for different fibers.

2. हैजा रोग किस जीवाणु द्वारा फैलता है? 1

Which bacteria causes the disease Cholera?

3. आहार नियोजन को प्रभावित करने वाले कोई दो कारक लिखिये। 1

State any two factors affecting Meal Planning.

4. भारत सरकार ने किस वर्ष उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया? 1

In which year, Indian Government passed Consumer Protection Act?

5. वस्त्रों पर लगे नेलपॉलिश के धब्बे को किससे छुड़ाया जा सकता है? 1

By which the nail polish stain can be removed from clothes?

6. 'एपिडेमिक ड्रॉप्सी' रोग के क्या लक्षण है? 2

What are the symptoms of 'Epidemic dropsy' disease?

7. छोटे बच्चे को स्तनपान कराने के दो लाभ बताइये। 2

Give two advantages of breastfeeding to the infant.

8. चैक कितने प्रकार के होते हैं? उल्लेख कीजिये। 2

How many types of cheques are there? Mention.

9. आत्मिक आय से क्या अभिप्राय है? 2

What is the meaning of Psychic Income?

10. गृह विज्ञान के ज्ञान के आधार पर स्वरोजगार के अवसरों का उल्लेख कीजिए। 2

Mention the scope for self-employment on the basis of the knowledge of Home Science.

11. संक्रामक रोग किस प्रकार से फैलते हैं? इनकी रोकथाम के उपाय बताइये। 3

How do infectious diseases spread? State the measures to prevent them.

12. जन्मजात अन्धता तथा अर्जित अन्धता पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 3

Write short note on Congenital blindness and Acquired blindness.

13. बच्चों की वैकल्पिक देखरेख के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिये। 3

Mention the different forms of substitute child care.

14. घरेलू हिसाब-किताब से क्या आशय है? इसकी आवश्यकता को समझाइए। 3

What is Household Account? Explain its need.

15. परिवार के लिए भोजन बनाते समय आप व्यक्तिगत स्वच्छता के किन नियमों का पालन करेंगे? 3

Which rules of personal hygiene you will follow while preparing food for the family.

16. दूध में मिलावट के लिए प्रयोग में लाये जाने वाले दो पदार्थों के नाम लिखिये। इन मिलावटों की जाँच कैसे करेंगे? 3

Name two adulterants commonly found in Milk. How would you detect the presence of these adulterants?

17. उपभोक्ता के उत्तरदायित्वों का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 3

Describe the duties of consumers in biref.

18. वस्त्रों के डिजाइन में 'संतुलन' तथा 'लयबद्धता' से आप क्या समझते हैं? 3

What do you understand by 'Balance' and 'Rhythm' in design of clothes?

19. गर्म तथा ठण्डे मौसम के लिये उपयुक्त वेशभूषा का विवरण प्रस्तुत कीजिए। 3

Give the details of appropriate clothing for cold and hot weather.

20. साबुन तथा डिटरजेण्ट में अन्तर बताइये। 3

Differentiate between Soaps and Detergents.

21. सामाजिक विकास से क्या आशय है? शैशवावस्था में होने वाले सामाजिक विकास का विवरण प्रस्तुत कीजिये। 4

What is meant by Social Development? Give the description of social development that occurs during infancy.

22. विनियोग क्या है? विनियोग के साधनों का चुनाव करते समय किन कारकों का ध्यान रखना चाहिये? 4

What is Investment? What factors should be kept in mind while choosing the means of Investment?

23. सिले-सिलाये वस्त्रों पर लगे लेबल से कौन-कौन सी सूचनाएँ प्राप्त होती हैं? उल्लेख कीजिये। 4

What informations are obtained from the lable on readymade garments? Mention.

24. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

Read the following passage carefully and answer the questions given below–

I.C.M.R. की सिफारिश है कि किशोरावस्था के बच्चों के लिये प्रतिदिन 2060 से 2640 कैलोरी ऊर्जा की आवश्यकता है। अतः इस काल में किशोर को प्रतिदिन 63 से 78 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त 500 मिग्रा0 कैल्शियम तथा 30-50 मिग्रा0 लोहा भी आहार में सम्मिलित होना चाहिये। किशोरावस्था में प्रतिदिन के आहार में विभिन्न विटामिनों की मात्रा भी पहले से अधिक होती है।

I.C.M.R. recommends that adolescent children require 2060 to 2640 calories of energy per day. Therefore during this period, a teenager needs 63 to 78 gram of protein per day. Apart from this, 500 mg of Calcium and 30-50 mg of Iron should also be included in the diet. During adolescence, the amount of various vitamins in the daily diet is also higher than before.

(क) विकास क्रम के किस आयुकाल को किशोरावस्था कहते हैं? 1

Which age period of development is called adolescence?

(ख) ऊर्जा को मापने की इकाई लिखिए। 1

Write the unit of measurement of energy.

(ग) किशोरावस्था में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन की अधिक आवश्यकता होती है। आप सुबह के नाश्ते में प्रोटीन, कैल्शियम व आयरन युक्त खाद्य पदार्थ सम्मिलित करते हुए सुबह के नाश्ते की एक आहार तालिका तैयार कीजिए। 2

In adolescence, there is more need of Protein, Calcium and Iron. You prepare a Menu Planning for your morning breakfast by including food items rich in Protein, Calcium and Iron.

*****